नाम............................ अनुक्रमांक...................

# अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा, 2025-26
## हिन्दी
## कक्षा–10

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[ पूर्णांक : 70**

**निर्देश–**(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है–खण्ड–'अ' एवं खण्ड–'ब'।
(iii) खण्ड–'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं।
(iv) खण्ड–'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख निर्धारित अंक अंकित हैं।

### खण्ड 'अ'
### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट–निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR उत्तर शीट पर अंकित कीजिए–**

1. **'प्रायश्चित' किसकी रचना है ?** **1**
(A) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी (C) जयशंकर प्रसाद
(B) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) भगवती चरण वर्मा

2. **हिन्दी साहित्य के श्रेष्ठ निबन्धकार, आलोचक एवं इतिहासकार के रूप में जाने जाते हैं–** **1**
(A) बालकृष्ण भट्ट (C) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी
(B) रामचन्द्र शुक्ल (D) इनमें से कोई नहीं

3. **'सागर की लहरों पर' किस विधा की रचना है ?** **1**
(A) निबन्ध (B) यात्रावृत्त (C) आलोचना (D) संस्मरण

4. **महादेवी वर्मा द्वारा रचित निबन्ध है–** **1**
(A) रेती के फूल (B) क्षणदा (C) हंस (D) उर्वशी

5. **'धर्मयुग' के सम्पादक कौन थे ?** **1**
(A) श्रीराम शर्मा (C) धर्मवीर भारती
(B) प्रेमचन्द (D) महादेवी वर्मा

6. **जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है–** **1**
(A) आँसू (B) लहर (C) झरना (D) यामा

7. **सूफी काव्यधारा के कवि हैं–** **1**
(A) जायसी (B) रैदास (C) नानक (D) सूरदास

8. **छायावादी युग की रचना है–** **1**

(A) प्रेम-माधुरी (B) उद्धव-शतक (C) चित्राधार (D) सारंगधर

**P.T.O.**

9. **'वैदेही बनवास' के रचनाकार हैं–** **1**
(A) शान्तिप्रिय कवि द्विवेदी
(B) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(C) रामचरित उपाध्याय
(D) सियारामशरण गुप्त

10. **धर्मवीर भारती ने लिखा है–** **1**
(A) अणिमा (B) अपरा (C) अन्धा-युग (D) अर्चना

11. **शोक किस रस का स्थायी भाव है–** **1**
(A) रौद्र रस (B) वीभत्स रस (C) भयानक रस (D) करुण रस

12. **'निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है।' पंक्ति में अलंकार है–** **1**
(A) रूपक (B) उपमा (C) यमक (D) अनुप्रास

13. **रोला किस प्रकार का छन्द है ?** **1**
(A) सममात्रिक
(B) अर्द्धसममात्रिक
(C) विषम मात्रिक
(D) वर्णिक छन्द

14. **'सुगठित' शब्द में उपसर्ग है–** **1**
(A) स (B) सु (C) सुग (D) गठित

15. **'वेद-पुराण' में समास है–** **1**
(A) द्विगु (B) द्वन्द्व (C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

16. **'कोकिल' का तद्भव है–** **1**
(A) कुक्कुट (B) कुक्कर (C) कोयल (D) कोयला

17. **'ताभिः' किस विभक्ति व वचन का रूप है–** **1**
(A) प्रथमा विभक्ति एकवचन
(B) तृतीया विभक्ति बहुवचन
(C) चतुर्थी विभक्ति एकवचन
(D) षष्ठी विभक्ति एकवचन

18. **जिस वाक्य में एक ही मुख्य क्रिया होती है, उसे कहते हैं–** **1**
(A) सरल वाक्य
(B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्र वाक्य
(D) उप वाक्य

19. **वाच्य का भेद नहीं है–** **1**
(A) कर्तृवाच्य (B) भाववाच्य (C) कर्मवाच्य (D) क्रियावाच्य

20. **हिन्दी में पदों की संख्या है–** **1**
(A) चार (B) छह (C) आठ (D) सात

## खण्ड 'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+2=6**

**(क)** यह कोई बात नहीं कि एक ही स्वभाव और रुचि के लोगों में ही मित्रता हो सकती है। समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक-दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं। जो गुण इसमें नहीं हैं, हम चाहते हैं कि कोई ऐसा मित्र मिले जिसमें वे गुण हों। चिन्ताशील मनुष्य प्रफुल्लित चित्त का साथ ढूँढ़ता है, निर्बल बली का, धीर उत्साही का।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) व्यक्ति एक-दूसरे की ओर क्या देखकर आकर्षित होते हैं ?

**अथवा**

**(ख)** ईर्ष्या से बचने का उपाय मानसिक अनुशासन है। जो व्यक्ति ईर्ष्यालु स्वभाव का है, उसे फालतू बातों के बारे में सोचने की आदत छोड़ देनी चाहिए। उसे यह भी पता लगाना चाहिए कि जिस अभाव के कारण वह ईर्ष्यालु बन गया है उसकी पूर्ति का रचनात्मक तरीका क्या है। जिस दिन उसके भीतर यह जिज्ञासा आएगी, उसी दिन से वह ईर्ष्या करना कम कर देगा।
(i) प्रस्तुत गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) मानसिक अनुशासन क्या है ?

2. **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+2=6**

**(क)** चरन-कमल बंदौं हरि राई।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे कौं सब कुछ दरसाइ।
बहिरौ सुनै, गूँगा पुनि बोलै, रंक चले सिर छत्र धराई।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बंदौं तिहिं पाइ।
(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) 'बार-बार बंदौं तिहिं पाइ' में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त है ?

**(ख)** मानुष हौं तो वही रसखानि, बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो, चरौं नित नंद की धेनु मंझारन।
पाहन हौं तो वही गिरि को, जो धर्यो कर छत्र पुरंदर-धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं, मिलि कालिंदी-कूल कदंब की डारन।
(i) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) कवि रसखान स्वयं को किस गिरि का पत्थर बनाना चाहते हैं ?

3. **निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+3=5**

**(क)** इयं नगरी विविधधर्माणां सङ्गमस्थली। महात्मा बुद्धः तीर्थकरः पार्श्वनाथः सङ्कराचार्यः कबीरः गोस्वामी तुलसीदासः अन्ये च बहवः महात्मानः, अत्रागत्य स्वीयान् विचारान् प्रासारयन्। न केवलं दर्शने, साहित्ये, धर्मे, अपि तु कलाक्षेत्रेऽपि इयं नगरी विविधानां कलानां, शिल्पानाञ्च कृते लोके विश्रुता।

**(ख)** पुरुराजः–आम्! राष्ट्रद्रोहः! यवनराज! एकम् इदं भारतं राष्ट्रं बहूनि चात्र राज्यानि, बहवश्च शासकाः। त्वं मैत्रीसन्धिना तान् विभज्य भारतं जेतुम् इच्छसि। आम्भीकः चास्य प्रत्यक्षं प्रमाणम्।

P.T.O.

अलक्षेन्द्रः–भारतम् एकं राष्ट्रम् इति तव वचनं विरुद्धम्। इह तावत् राजानः जनाः च परस्परं द्रुह्यन्ति।

4. **निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक श्लोक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+3=5**

**(क)** बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः।
उभयत्र समो वीरः वीर भावो हि वीरता॥

**(ख)** हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्षयसे महीम्।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युद्धस्व विगत ज्वरः॥

5. **स्वपठित 'खण्डकाव्य' के महानायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। 3**

**अथवा**

**स्वपठित 'खण्डकाव्य' के पंचम सर्ग का कथासार लिखिए।**

6. (क) **निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए– 3+2=5**

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी (iii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(ख) **निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए– 3+2=5**

(i) रसखान (ii) बिहारी (iii) मैथिलीशरण गुप्त

7. **अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2**

8. **विद्यालय में खेल का सामान उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4**

**अथवा**

**सहायक अध्यापक के पद हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए।**

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए– 2**

(i) वाराणसी नगरी कस्याः नद्याः कूले स्थिता?
(ii) वीरः केन पूज्यते?
(iii) गीतायाः कः सन्देशः?
(iv) चन्द्रशेखरः स्वनाम किम् अकथयत्?

10. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में निबन्ध लिखिए– 7**

(i) अनुशासन की समस्या
(ii) जनसंख्या-विस्फोट–कारण एवं निवारण
(iii) पर्यावरण सुरक्षा
(iv) आतंकवाद

□□□□